दै. भास्कर दि. 18.06.25

# जबरन चोरी : तीन आरोपी गिरफ्तार



**नांदेड़** | भाग्यनगर पुलिस ने 14 जून को शहर में दो स्थानों वर्कशॉप-आनंद नगर रोड और अंबिका मंगल ऑफिस के सामने हुई डकैती के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 लाख, 10 हजार 500 रुपए का कीमती का माल जब्त किया है। जिला पुलिस अधीक्षक अविनाश कुमार ने सभी थानों के प्रभारियों को अपराधों को सुलझाने के आदेश दिए थे। जिसके तहत भाग्यनगर थाने की टीम ने भाग्यनगर थाने में 14 जून को हुई जबरन चोरी की दो वारदातों में आरोपियों की तलाश में अभियान चलाया। 14 जून को आरोपियों ने वर्कशॉप आनंद नगर रोड उदयनगर पाटी के पास कृष्णा दूध डेयरी के सामने सुबह की सैर पर जा रहे एक व्यक्ति को कट्टे से पीटा और जबरन उसका मोबाइल फोन और घड़ी छीन ली तथा दूसरी घटना में अंबिका मंगल कार्यालय के सामने एक व्यक्ति का मोबाइल फोन छीन लिया था। इस संबंध में भाग्य नगर पुलिस थाने के पुलिस निरीक्षक रामदास शेंडगे, गुनाह खोज पथक पुलिस उपनिरीक्षक विनोद देशमुख, नरेश वाडेवाले, पुलिस हवालदार गर्दनमारे, पुलिस सिपाही मुंडे, चापके, शेख शोयब, माने की टीम ने उनके नाम पता पता कर उनकी तलाश की। टीम ने काबरा नगर निवासी आरोपी वैभव महेंद्र सूर्यतले, सुमेधनगर कैनाल रोड के आरोपी निखिल संभाजी वाठोरे और लोकमित्र नगर के आर्यन राहुल परांडे के घर जाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।